पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मोरारी बापू से आर्शीवाद लिया
राम कथा से प्रेरणा लेकर हम अपने जीवन में बदलाव ला सकते हैं - राज्यपाल

लखनऊः 4 दिसम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज सेवा अस्पताल प्रांगण में प्रख्यात कथा वाचक मोरारी बापू की श्रीराम कथा के समापन समारोह में भाग लेकर उनका आर्शीवाद लिया। राज्यपाल ने इस अवसर पर रामकथा का श्रवण किया। कार्यक्रम में श्री मोरारी बापू द्वारा राज्यपाल को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।

श्रीराम कथा से पूर्व राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मोरारी बापू ने जो राम कथा के माध्यम से विचार रखे हैं वह विचार केवल मन और मस्तिषक तक न रखकर उन्हें हमें अपने आचार-व्यवहार में उतारने चाहिए। भगवान राम के आदर्श चरित्र को सामने रखते हुए उनके जैसा पुत्र, भाई, पति और राजा के व्यवहार को सामने लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसी राम कथा से प्रेरणा लेकर हम अपने जीवन में बदलाव ला सकते हैं।

इस अवसर पर श्रीराम कथा के आयोजक श्री नीरज बोरा, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय श्री एस0पी0 सिंह, कुलपति डाॅ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय डाॅ0 विनय पाठक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (439/5)